बिहार सरकार
बिहार मौसम सेवा केन्द्र
(योजना एवं विकास विभाग)

पत्रांक : BMSK/09/2026/ 409 /पटना, दिनांक : 11/08/2026

सेवा में,

महालेखाकार (ले0 एवं ह0), बिहार
वीरचन्द पटेल पथ, पटना।

विषय : **स्वतंत्रता दिवस–2026 के अवसर पर गाँधी मैदान, पटना में बिहार मौसम सेवा केन्द्र के कार्यकलापों एवं मौसम संबंधी जन–जागरूकता से संबंधित झाँकी के प्रदर्शनी के लिए मो0 4,96,000.00 (चार लाख छियानवें हजार) रूपये मात्र (सभी कर सहित) की प्रशासनिक स्वीकृति के संबंध में।**

प्रस्ताव : स्वीकृत।

स्वतंत्रता दिवस 2026 के अवसर पर गाँधी मैदान, पटना में बिहार मौसम सेवा केन्द्र के कार्यकलापों एवं मौसम संबंधी यथा अतिवृष्टि, सुखाड़, लू, शीतलहर, कोहरा, वज्रपात, आँधी आदि से बचाव हेतु मौसम के पूर्वानुमान का प्रचार–प्रसार एवं जन–जागरूकता झाँकी के माध्यम से किया जा रहा है। इससे आपदा जोखिमों तथा जनधन की हानि को कम करने में सहायक होगा।

2. प्रस्तावित झाँकी के प्रदर्शनी हेतु विभागीय वेबसाईट पर स्थानीय एजेंसी से कोटेशन आमंत्रित किया गया। स्थानीय एजेंसी द्वारा प्राप्त कोटेशन में से L1 के आधार पर क्रय समिति द्वारा M/s Softshell Infotech, Flat No.G5, Patna Super Market, Frazar Road, Patna-800001 का चयन किया गया। उक्त एजेंसी द्वारा प्रस्तावित कार्य के लिए मो0 4,96,000.00 (चार लाख छियानवें हजार) रूपये मात्र (सभी कर सहित) का दर उद्धृत किया गया है।

3. न्यूनतम दर दाता M/s Softshell Infotech से मो0 4,96,000.00 (चार लाख छियानवें हजार) रूपये मात्र (सभी कर सहित) पर झाँकी निर्माण की अनुशंसा क्रय समिति द्वारा किया गया है।

4. विषयांकित प्रस्ताव दिनांक 05.08.2026 को विभागीय स्थायी वित समिति तथा स्कीम स्क्रीनिंग समिति द्वारा अनुशंसित है।

5. वर्णित परिपेक्ष्य में बिहार मौसम सेवा केन्द्र के कार्यकलापों एवं मौसम संबंधी यथा अतिवृष्टि, सुखाड़, लू, शीतलहर, कोहरा, वज्रपात, आँधी आदि से बचाव हेतु मौसम के पूर्वानुमान का प्रचार–प्रसार एवं जन–जागरूकता से संबंधित झाँकी के प्रदर्शनी के लिए कुल मो0 4,96,000.00 (चार लाख छियानवें हजार) रूपये मात्र (सभी कर सहित) का प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की जाती है।

6. विषयांकित योजना पर व्यय माँग संख्या–35, मुख्य शीर्ष–3455–मौसम विज्ञान, उपमुख्य शीर्ष–00, लघुशीर्ष–001–निदेशन और प्रशासन, उपशीर्ष–0001–बिहार मौसम सेवा केन्द्र, विषय शीर्ष 31–06 सहायक अनुदान गैर वेतन मद, विपत्र कोड–35–3455000010001 के तहत किया जाएगा।

7. राशि की निकासी निदेशक, बिहार मौसम सेवा केन्द्र, बिहार, पटना द्वारा सचिवालय कोषागार, सिंचाई भवन, पटना के माध्यम से किया जायेगा।

8. इस स्वीकृत्यादेश प्रारूप पर आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति प्राप्त है।

9. प्रस्ताव पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

विश्वासभाजन

11.08.26
(डॉ0 नुरूल हक सिवानी)
सरकार के संयुक्त सचिव

(3)

ज्ञापांक BMSK/09/2026/ 409 /पटना, दिनांक : 11.08.2026

प्रतिलिपिः कोषागार पदाधिकारी, सिंचाई भवन, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

11.08.26

सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांक BMSK/09/2026/ 409 /पटना, दिनांक : 11.08.2026

प्रतिलिपि : विभागीय आंतरिक वित्तीय सलाहकार/निदेशक, बिहार मौसम सेवा केन्द्र/लेखा एवं बजट प्रशाखा/आई0टी0 मैनेजर, योजना एंव विकास विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

11.08.26

सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांक BMSK/09/2026/ 409 /पटना, दिनांक : 11.08.2026

प्रतिलिपिः सचिव, वित्त विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

11.08.26

सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांक BMSK/09/2026/ 409 /पटना, दिनांक : 11.08.2026

प्रतिलिपिः अपर मुख्य सचिव, योजना एवं विकास विभाग के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

11.08.26

सरकार के संयुक्त सचिव